# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–25.08.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

खान एवं खनिज विकास विनियमन एमएमडीआर कानून में संशोधन को लेकर राज्य में सियासत तेज हो गई है। राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने भाजपा प्रदेश नेतृत्व और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी को एक पत्र लिखा है। पत्र में वित्त मंत्री ने दावा किया है कि इस संशोधन से राज्य को 14 हजार करोड़ का राजस्व नुकसान होगा और कोयला कंपनियों से बकाया राशि पर असर पड़ेगा। उन्होंने श्री मरांडी से राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता से ऊपर उठकर केंद्र सरकार के समक्ष राज्य के आर्थिक हितों की रक्षा के लिए आवाज उठाने की अपील की है।

*********************

एमएमडीआर संशोधन विधेयक को लेकर वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर के पत्र पर भाजपा ने पलटवार किया है। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने राज्य सरकार के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री और उनकी सरकार जनता का ध्यान भटकाने के लिए एक नया नैरेटिव गढ़ने की कोशिश कर रही है।

*********************

इधर, कांग्रेस ने इस बिल के विरोध में 27 अगस्त को सभी जिला मुख्यालयों पर बड़े आंदोलन और धरना–प्रदर्शन का एलान किया है। बोकारो पहुंचे कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने केंद्र सरकार पर सीधा हमला बोलते हुए इस बिल को झारखंड के हितों पर आघात बताया है।

*********************

केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने देश को बाल विवाह मुक्त बनाने का बड़ा आह्वान किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर जारी संदेश में कहा कि बाल विवाह बच्चों के अधिकारों, शिक्षा और स्वास्थ्य पर गंभीर आघात है। उन्होंने जनता से अपील की है कि बाल विवाह की जानकारी या आशंका होने पर तुरंत चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर सूचना दें। केंद्रीय मंत्री ने सभी नागरिकों से बेटियों के सुरक्षित भविष्य की रक्षा करने का संकल्प लेने को कहा है।

*********************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरन की अध्यक्षता में आज झारखंड कैबिनेट की बैठक होगी। इसमें जेपीएससी पुनर्गठन प्रस्ताव, विधानसभा के विशेष सत्र बुलाने समेत कई मुद्दों पर सहमति दिये जाने की संभावना है। इसके साथ ही लगभग दो दर्जन प्रस्तावों पर चर्चा होगी।

*********************

यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस–यूपीआई ने डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में बदलाव लाते हुए 10 वर्ष पूरे कर लिये हैं। आज ही के दिन 2016 में इसकी शुरूआत की गई थी। एक रिपोर्ट

*********************

डुमरी विधायक जयराम महतो के खिलाफ धनबाद के बरवाअड्डा थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। थाना प्रभारी रवि कुमार ने विधायक पर व्हाट्सएप कॉल के दौरान कथित तौर पर गाली–गलौज, वर्दी उतरवाने और धमकी देने का आरोप लगाया है। इस मामले में विधायक सहित 11 नामजद और 50 अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया गया है। सोशल मीडिया पर इस बातचीत का एक कथित ऑडियो भी वायरल हो रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

*********************

जामताड़ा में आगामी 27 अगस्त को खेलो इंडिया कार्यक्रम का भव्य आयोजन होने जा रहा है। इसका आयोजन जामताड़ा महाविद्यालय और डिग्री महाविद्यालय फतेहपुर में किया जाएगा। माई भारत – खेलो इंडिया की उपनिदेशक उत्तरा विश्वास ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में खेल के प्रति रुचि बढ़ाना है।

*******समाप्त*************